विचारार्थ विषय

परियोजना विश्लेषक / (तीन पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतया संविदात्मक आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यार्थियों से से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

मंत्रालय की आरसीएच कार्यक्रम के संपूर्ण संपादन में आरसीएच {डीसी} प्रभाग की सहायता करना।

- आर सी एच कार्यक्रम संबंधी कार्य करने में सहायता/ मदद प्रदान करना।
- राज्य की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं के डेटा की प्रविष्टि करना उनकी गुणवत्ता की जांच करना।
- डेटाबेस को अद्यतन करना और उसका रखरखाव करना।
- प्रभाग के अधिकारियों के लिए आंतरिक नोट तैयार करना।
- आंतरिक और बाहरी संप्रेषण के संबंध में प्रभाग के अधिकारियों को सहायता प्रदान करना।
- परियोजनाओं के कार्यान्वयन की मॉनिटरिंग करने के लिए कार्य योजना तैयार करना।
- परियोजनाओं के कार्यान्वयन की डेस्क समीक्षा।
- प्रगतिरत परियोजनाओं के संबंध में भौतिकीय और वित्तीय मासिक प्रगति प्राप्त करना।
- राज्य सरकारों के साथ संपर्क स्थापित करना और दाता समन्वय द्वारा अपेक्षित मासिक प्रगति रिपोर्ट एवं अन्य सूचना/ डॉटा प्राप्त करना।
- डॉटा एंट्री कार्य सहित दाता समन्वय प्रभाग में अधिकारियों को सचिवालय सहायता प्रदान करना।
- डीसी प्रभाग द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य निष्पादित करना।
- उपर्युक्त सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से निष्पादित करना।

पात्रता:

- किसी भी विषय में स्नातक उपाधि।

- राष्ट्रीय स्तर पर सरकारी क्षेत्र में प्रशासनिक सहायता में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम / आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।

- कार्य के प्रमुख प्राथमिक क्षेत्रों में आरसीएच प्रभाग को समर्थन / कार्य में सहायता देना, राज्य पीआईपी की गुणवत्ता जांच करना, डेटाबेस का अनुरक्षण और अद्यतन बनाना, प्रभाग के अधिकारियों के लिए आंतरिक नोट का प्रारूप बनाना, चालू परियोजनाओं की मासिक भौतिक और वित्तीय प्रगति रिपोर्टें प्राप्त करना तथा डीसीप्रभाग द्वारा सौंपे गए अन्य कोई कार्य करना शामिल है।

- अंग्रेजी लिखने एवं बोलने का अच्छा ज्ञान और हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान अनिवार्य है। एमएस ऑफिस और अन्य एप्लीकेशनों में कंप्यूटर का ज्ञान।

- औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और उम्र में तब छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता लेख प्रकाशित किया गया हो अथवा जब विशिष्ट प्रासंगिकता के काम करने का अनुभव हो।

आयु: दिनांक 1/4/2016 को अधिकतम आयु 45 वर्ष।
पारिश्रमिक: प्रतिमाह 0.30 – 0.50 लाख के बीच।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई-मेल **project.analyst@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।

***